53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.8°c
अधिकतम 32.8°c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:32, सूर्यास्त - 7:18 | वर्ष : 53/ अंक : 199 | रविवार, 20 जुलाई 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4 | रिश्ता भी तो नजदीकी है.....

**अमृतवाणी**

कोई व्यक्ति यदि हारकर भी मुस्कुराता है तो सामने वाले की जीत से अधिक शोर उसकी हार का होता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी, भ्रष्टाचार से अर्जित वाड्रा की संपत्तियों की रक्षा के लिए आगे आए हैं : सुधांशु त्रिवेदी


# शोक सभा

जिंदगी कभी वैसी नहीं होगी, जैसी तब थी,
जब **वैभव तायल** हमारे साथ थे।



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय

## वैभव तायल

(सुपुत्र श्री प्रवीण कुमार तायल)

का आकस्मिक निधन, दिनांक 14 जुलाई 2025, दिन- सोमवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

## -: शोक सभा :-

दिन- शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025 को अपराह्न 02.00 बजे होनी निश्चित हुई है।

**स्थानः- पंजाबी बारात घर**, गाँधी कॉलोनी, पचैण्डा रोड, मुजफ्फरनगर

## -: शोकाकुल परिवार:-

प्रवीण कुमार तायल (पिता)
विशु तायल (भाई)
शशांक तायल (भाई)
हर्ष तायल (भाई)

श्री राम ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज

सम्पर्क:- 9997766025, 8192988082

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 199 | रविवार, 20 जुलाई 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये



## पत्नी की क्रूरता के कारण हुए तलाक को उच्च न्यायालय ने रखा बरकरार

**मुंबई, 19 जुलाई (वार्ता)** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने पुणे के एक व्यक्ति को तलाक देने के पारिवारिक न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा है और कहा है कि पत्नी द्वारा शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करना, सार्वजनिक रूप से अपमानित करना और विवाहेत्तर संबंधों के आरोप क्रूरता के समान हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीता गोखले की खंडपीठ ने पारिवारिक न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली पत्नी की अपील खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि पत्नी का अपने पति के प्रति व्यवहार निर्विवाद रूप से क्रूर था और उसने विवाह विच्छेद को उचित ठहराया। दम्पति एक दशक से भी अधिक समय से अलग रह रहे थे। उनके बीच सुलह कराने के कई प्रयास जिनमें परामर्श, मध्यस्थता और अन्य पीठों द्वारा हस्तक्षेप शामिल हैं, असफल रहे। इन प्रयासों की असफलता और निरंतर कलह का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि पुनर्मिलन की कोई गुंजाइश नहीं है और पति की तलाक की याचिका को स्वीकार कर लिया।



# छांगुर बाबा का मुजफ्फरनगर कनेक्शन, खालापार निवासी अबू तालिब को एटीएस ने दबोचा...

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** छांगुर बाबा के अवैध धर्म परिवर्तन के खेल में शामिल जो लोग हाईलेवल पर काम कर रहे थे, उन पर भी अब शिकंजा कसता जा रहा है। इसी मामले में यूपी एटीएस ने 10 लोगों को देश के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार किया है। इस मामले में उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने लखनऊ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। राजीव कृष्ण ने इस मामले से जुड़े कई तथ्यों पर जानकारी दी। उन्होंने जिस तरह से पूरे मामले का खुलासा किया है और जो तथ्य मिले हैं, वो चौंकाने वाले हैं। इस मामले में मुजफ्फरनगर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र खालापार से भी एक गिरफ्तारी हुई है। डीजीपी ने मामले से जुडी जानकारी देते हुए बताया कि यूपी पुलिस ने एक नया मिशन अस्मिता के तहत अवैध धर्म परिवर्तन के सिंडिकेट मामले में 02 नामजद अभियुक्त मो. उमर गौतम पुत्र धनराज सिंह गौतम, मुफ्ती जंहागीर आलम कासमी पुत्र ताहिर अख्तर को यूपी एटीएस द्वारा गिरफ्तार किया गया था।




उन्होंने बताया कि यह अभियान जिहाद के नाम पर अन्तर्राष्ट्रीय जिहादी फंडिंग प्राप्त करने, दंगे करने व राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध लगाने के उद्देश्य से लव जिहाद, अवैध धर्मान्तरण, डार्क वेब व अन्य नेटवर्क के जरिए गम्भीर अपराधों में संलिप्त रहे हैं। इसी कड़ी में आगरा के पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में कार्य करते हुए 6 राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो देश के विभिन्न राज्यों में विशेष तौर पर कम उम्र की लड़कियों को प्रलोभन, लव जिहाद एवं अन्य तरीकों से प्रभावित कर धर्मांतरण के कार्य में लिप्त है। आपको बता दें कि इस मामले में जो आरोपी गिरफ्तार हुए हैं, उनमें आयशा (एस.बी. कृष्णा) निवासी गोवा, अली हसन (शेखर रॉय) निवासी कोलकाता, ओसामा कोलकाता निवासी, रहमान कुरैशी आगरा, अबू तालिब मुजफ्फरनगर के खालापार का रहने वाला है। अबुर रहमान देहरादून, मोहम्मद अली जयपुर, जुनैद कुरैशी जयपुर, मुस्तफा (मनोज) दिल्ली, मोहम्मद अली जयपुर के रहने वाले हैं।





### फूफी गुफराना व बहन सफिया बोली, अबू तालिब निहायत ही नेक और शरीफ इंसान है

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** धर्मान्तरण के आरोप में खालापार से पकड़ा गया अबू तालिब का परिवार पुलिस के जाने के बाद सड़कों पर चिल्लाता दिखाई दिया। बहन सफिया ने बताया कि किसी साजिश के तहत अबू को पकड़ा गया है, वह तो निहायत ही नेक और शरीफ इंसान है। उनका कहना था कि पुलिस जाल फैलाकर ऐसे लोगों को पकड़ रही है, जब मीडिया ने पूछा कि वास्तव में अबू तालिब करता क्या है, तो सफिया ने उसके तीन-चार अलग-अलग काम कभी ड्राइवरी, कभी नौकरी तो कभी मजदूरी करना बता दिया। ठीक इसी तरह अबू की फूफी गुफराना भी सड़कों पर चिल्ला-चिल्लाकर कहने लगी कि पुलिस अचानक से उनके घर में घुसी, यदि अबू अपराधी होता तो उसके खिलाफ पहले थानों में कोई मामला दर्ज होता। गुफराना ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए यहां तक कहा कि सबसे पहले बड़े भाई का मोबाइल छीना गया, उसके बाद अबू का मोबाइल छीना गया और उसके बाद औरतों से बदसलूकी की गयी और उनके धर्मग्रन्थों को भी उठाकर फेंका गया। कुल मिलाकर इतने आरोप में पकड़े जाने के बावजूद भी परिवार अबू की पूरी पैरवी करता दिखाई दिया।

# सबसे बड़े बेरोजगार समाजवादी के लोग : मन्त्री सोमेन्द्र तोमर

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** सपा सांसद राजीव राय के द्वारा शिवभक्त कांवड़ियों को बेरोजगार बताने वाले बयान पर भड़के यूपी के मंत्री सोमेंद्र तोमर उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा बेरोजगार अगर कोई है, तो समाजवादी पार्टी के लोग हैं। शिवभक्तों के बारे में पहले उन्हें समझ लेना चाहिए, जो इस देश की संस्कृति को नहीं जानता, उन्हें इस तरह के स्टेटमेंट देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को खुश करने के लिए इस तरह की टिप्पणी करी जाती है। आपको बता दे कि कांवड़ यात्रा के दौरान मुजफ्फरनगर की सीओ ऋषिका सिंह की कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वह महिला शिवभक्त कांवड़ियों के पैर दबा रही है।

इस पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने ७ तंज कसते हुए कहा था कि सेवा का भाव अच्छा है, अगर उसके पीछे का भाव अच्छा है। इस पर यूपी के ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर ने पलटवार करते हुए कहा कि अब अखिलेश यादव तंज कसने का ही काम करते हैं या तो एक्स पर या फिर सोशल मीडिया पर वह कहीं भी तंज कसते हैं, लेकिन धरातल पर नहीं और शिवभक्तों की सेवा में आस्था सभी की होती है, उसमें चाहे कोई अधिकारी हो या सामान्य लोग वह आस्था के साथ सेवा कर रहे हैं। यह खुशी की बात है अखिलेश यादव अपने समय को भूल गए हैं, जिस तरह से उनके



कार्यकाल में अव्यवस्थाएं देखने को मिलती थी, लेकिन ये योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है, जिन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हुए हैं कि किसी भी शिवभक्त को कोई भी असुविधा नहीं होनी चाहिए।

दरअसल शनिवार को यूपी के ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर मुजफ्फरनगर में नगर पालिका द्वारा शिव चौक पर शुरू किए गए चिकित्सा कांवड़ शिवर का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे थे, जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि देखिये मुझे लगता है कि 2012 से 2017 तक जब अखिलेश जी की सरकार थी और अखिलेश जी को जिस तरह से उत्तर प्रदेश को चलाना चाहिये था, उत्तर प्रदेश को जिस स्थिति में उन्होंने पंहुचाया, उत्तर प्रदेश के देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने नागरिकों ने उन्हें सही जगह बैठा दिया है, अब वो तंज ही कसने का काम करते है या तो वो ट्वीटर पर है, एक्स पर हैं या सोशल मीडिया पर है, वो कहीं भी धरातल पर नहीं हैं। शिवभक्तों की सेवा में देखिये आस्था सभी की होती है अधिकारी हों या समान्य हों वो आस्था के साथ सेवा कर रहे है ये खुशी की बात है।

मैंने कहा वो अपने समय को भूल गए हैं, जिस तरह से उनके कार्यकाल में अव्यवस्थाएं देखने को मिलती थी, ये पूज्य योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है। महाराज जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी शिवभक्त को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिये। मैंने कहा देखिये यदि सबसे बड़ा बेरोजगार कोई है, तो वो समाजवादी पार्टी के लोग हैं ? ये जो शिवभक्त हैं, शिवभक्तो के बारे में उन्हें पहले समझ लेना चाहिये, जो इस देश की संस्कृति को नहीं जानते, उन्हें इस तरह के स्टेटमेंट देने का कोई अधिकार नहीं है। देखिये कही ना कही कुछ लोगों को खुश करने के लिए इस तरह की टिप्पणी करी जाती हैं, लेकिन पूरा देश उत्तर प्रदेश अच्छी तरह से जानता है, कि इन लोगों की सोच व कार्यशैली कैसी हैं, मैंने कहा रास्ता तो अलग है ही। देखिये अनिरुद्धाचार्य जी का जो रास्ता है वो संस्कृति को आगे बढ़ाने का है। अखिलेश जी का जो रास्ता है, वो अच्छी तरह से सब जानते है।

### अवैध धर्मांतरण करवाने का तरीका आईएसआईएस का सिग्नेचर स्टाइल

**मुजफ्फरनगर।** अभी तक की प्रारम्भिक जांच में इस ग्रुप का सम्बन्ध पीएफआई, एसडीपीआई एवं पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से भी होने के संकेत मिले हैं। इसके अतिरिक्त अवैध धर्मांतरण करवाने के तरीका आईएसआईएस का सिग्नेचर स्टाइल की तरह है। जनपदीय पुलिस आगरा द्वारा की गयी इस उल्लेखनीय कार्रवाई में उत्तर प्रदेश की विशेषज्ञ एजेंसी एसटीएफ व एटीएस को भी सम्मिलित किया गया एवं आवश्यकतानुसार अन्य राज्यों की पुलिस तथा केन्द्रीय एजेंसियों के साथ भी समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

### ईडी की छापेमारी में यह हुई बरामदगी

**मुजफ्फरनगर।** ईडी के मुताबिक, छांगुर और उसके करीबियों के 22 खातों के विश्लेषण के बाद करीब 60 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग होने से जुड़े प्रमाण मिले हैं। इसमें छांगुर, नवीन रोहरा और नीतू रोहरा की भूमिका सामने आई है। ईडी को छांगुर से जुड़े एक बुटीक से संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

### दो बहनों के धर्मांतरण से मामला एटीएस के पास पहुंचा

**मुजफ्फरनगर।** आगरा जनपद के सदर बाजार थाना क्षेत्र से दो सगी बहनें लापता हुई थी, जिसके संबंध में आगरा के सदर बाजार थाने में उनके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की तो मामला धर्मांतरण का निकला। उसके बाद इस मामले में एटीएस को भी लगाया गया।

## छांगुर के दो करीबी एटीएस के हत्थे चढ़े

**लखनऊ, 19 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के दो करीबियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि एटीएस ने छागुर गैंग के दो सदस्यों सबरोज उर्फ इमरान (42) और शहाबुद्दीन (36) को बलरामपुर जिले से गिरफ्तार किया। दोनो छांगुर के करीबी बताये जाते है जो ग़रीब मजबूर लोगों को आर्थिक मदद का आश्वासन देकर उन्हे धर्म परिवर्तन के लिये उकसाते थे। गौरतलब है कि धर्मांतरण के आरोपी छांगुर और उसकी करीबी नसरीन से पूछताछ के बाद यूपी एटीएस 100 से अधिक लोगों को रडार पर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जांच में छांगुर के 40 बैंक खातों में 106 करोड रुपए की लेनदेन का पता चला है। इनमें ज्यादातर राशि पश्चिम देशों से मिली है। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि जांच का उद्देश्य ठाकुर से जुड़े व्यक्तियों और संगठनों की ओर से प्राप्त विदेशी चंदे के स्रोत और उसके अंतिम उपयोग का पता लगाना है। संदेह है कि इन पैसों का इस्तेमाल या धर्मान्तरण के साथ ही साथ आतंकी फंडिंग के लिए भी कर रहा था। ईडी ने मुंबई में शहजाद शेख उर्फ इलियास शेख के महिमा और बांद्रा इलाके में स्थित ठिकानों को भी खंगाला था। जिसके खाते में एक करोड रुपए छांगुर में भेजे थे। वही लखनऊ के चिनहट इलाके में छांगुर के मददगार एक विभाग के बाबू के आवास को भी खंगाला गया है।

### बहराइच में हाइड्रा वाहन ने मासूम को कुचला, मौत

**बहराइच, 19 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बहराइच शहर के गुरुनानक चौक के पास एक निजी अस्पताल के सामने हाइड्रा वाहन ने सड़क पार कर रहे पांच साल के मासूम बच्चे को रौंद दिया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि खैरीघाट थाना क्षेत्र के नकहा गांव निवासी मुबारक के भाई भाभी परिजनों के साथ शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में इलाज कराने आए थे। उनके साथ ही उनका पांच साल का बेटा आजम भी था। अस्पताल से बाहर निकलने के बाद बच्चे ने सड़क पार करने की कोशिश की। इस दौरान तेज रफ्तार हाइड्रा वाहन ने उसे रौंद दिया। घायल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पूरा हादसा पास में लगे कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें वाहन बच्चे को रौंदते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहा है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# आज दोपहर 12.15 पर जनपद में कांवड़ मार्ग पर होगी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

### ▸▸ पुलिस लाइन से डीएम उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय वर्मा भरेंगे उड़ान

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** उत्तर भारत के ऐतिहासिक एवं सबसे लंबी धार्मिक यात्राओं में शुमार कांवड़ यात्रा मेले को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच गंतव्य की ओर बढ़ते शिव भक्तों के स्वागत को प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर है, वहीं शिव भक्तों को हरसंभव सुविधा भी उपलब्ध कराने को राजनीतिक दलों के साथ विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सक्रिय हैं। इस कड़ी में योगी सरकार ने पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करने का निर्णय लिया है। रविवार 20 जुलाई को मुजफ्फरनगर जनपद में शासन स्तर से जारी निर्देशों के बीच जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय वर्मा पुलिस लाइन से हैलीकॉप्टर से कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करने के साथ शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा भी करेंगे। श्रावण माह की शिवरात्रि पर भगवान आशुतोष को मां गंगा का जलाभिषेक अर्पित करने वाले शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा करने का पूर्व वर्षों की भांति निर्णय लिया है। रविवार 20 जुलाई को इसी कड़ी में मुजफ्फरनगर मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन से हैलीकॉप्टर में डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी संजय वर्मा जनपद की सीमा में कांवड़ मार्ग का हवाई निरीक्षण करने के साथ यहां से गुजरने वाले शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत एवं अभिनन्दन करेंगे। बता दें, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों लखनऊ में संपन्न हुई उच्चस्तरीय बैठक में कांवड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यह पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न होनी चाहिए। वहीं शासन स्तर से सुरक्षा संबंधी हर मुद्दे पर पूरी सतर्कता व चौकसी बरतने के जारी निर्देशों के बीच कांवड़ यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की पूरी व्यवस्था करने के लिए कहा गया था। साथ ही कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए।



# दूसरे सम्प्रदाय के 3 युवकों ने घर में घुसकर किशोरी के साथ की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

### ▸▸ आरोपियों ने विरोध करने पर किशोरी की पिटाई की तथा जान से मारने की धमकी दी ▸▸ पुलिस ने आरोपियों को गिरफ़्तार किया

**मीरापुर, 19 जुलाई (बु.)।** कस्बे में दूसरे सम्प्रदाय के तीन युवकों ने हिंदू पड़ोसी के घर में घुसकर घर में मौजूद अकेली नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर दी। मामला अलग-अलग सम्प्रदाय से जुड़ा होने के चलते तनाव व्याप्त है। पुलिस ने पीड़िता किशोरी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

कस्बे के एक मौहल्ला निवासी किशोरी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम उसके माता-पिता किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। आरोप है कि इसी बात का लाभ उठाकर शाम के समय जब वह घर पर अकेली थी, तभी पड़ोस के ही रहने वाले तीन युवक अजरुद्दीन पुत्र जान मौहम्मद, अल्तमश पुत्र इरफान व बिलाल पुत्र अब्दुल सलाम उसके घर में घुस आए तथा उसे बुरी नीयत से पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत करने लगे, जिसका पीड़िता ने विरोध किया, तो आरोप है कि आरोपियों ने किशोरी के साथ गाली-गलौच करते हुए उसकी पिटाई की तथा जान से मारने की धमकी दी, जिस पर किशोरी ने शोर मचाया, शोर सुनकर मौहल्ले के लोग एकत्र हो गए, तो लोगों को देखकर आरोपी भाग गए। किशोरी ने घटना की सूचना परिजनों को दी, तो वह भी घर आ गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी। पीड़िता किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया तथा तीनों आरोपियों को पीर वाली गली के पास से गिरफ्तार कर लिया। मामले पर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि किशोरी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।



### एक सप्ताह से कर रहे थे किशोरी के पीछा

**मीरापुर।** किशोरी के साथ घर में घुसकर अश्लील हरकत करने वाले तीनों युवक कई दिनों से किशोरी के पीछे लगे थे। किशोरी कस्बे में ही ट्यूशन पढ़ने जाती है। किशोरी के ट्यूशन के समय तीनों युवक उसके पीछे लग जाते थे तथा उसे रास्ते में भी परेशान करते थे। शुक्रवार को घर में अकेली देखकर आरोपियों ने बुरी नीयत से उसे दबोचने का प्रयास किया।

### आरोपियों की हरकत से हिन्दू समाज के लोगों में आक्रोश

मीरापुर। किशोरी के साथ दूसरे सम्प्रदाय के युवकों द्वारा घर में घुसकर की गई छेड़छाड़ की हरकत से हिन्दू समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। पुलिस ने मामले की गंभीरता समझते हुए सभी आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया।

### पति पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने व दोस्त से दुष्कर्म कराने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** कभी-कभी पति-पत्नी के रिश्तों को शर्मसार करने वाले ऐसे मामले सामने आते हैं, जिनका यकीन तो होता ही नहीं मगर रिश्तों की डोर तार-तार हो जाती है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका विवाह 14 वर्ष पूर्व हुआ था। विवाह के बाद से ही पति द्वारा पत्नी को प्रताड़ित किया गया तथा अपने दोस्त के साथ सम्बंध बनाने का दबाव बनाया गया। पत्नी लगातार इस बात का विरोध करती रही। जब पत्नी ने पति की बात साधारण तरीके से नहीं मानी तो आरोप है कि 16 जुलाई की शाम उसके साथ विश्वासघात करते हुए कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाया और उसे पिला दिया गया। नशा होने पर पति ने अपने दोस्ता को बुला लिया और अपनी ही पत्नी का दुष्कर्म कराया। अगले दिन फिर एक बार वही प्रक्रिया दोहराई गयी, इस बार पत्नी के मुताबिक उसे नशीला पदार्थ घेवर में मिलाकर दिया गया। जब पत्नी को घेवर में कुछ होने का शक हुआ तो उसने थोड़ा सा घेवर खाकर बाकी फेंक दिया। रात में फिर से पति ने दोस्त को बुलाया और फिर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर उसे बांध दिया गया उसके बाद फिर से दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने परेशान होकर उक्त मामले की जानकारी परिजनों के साथ-साथ थाना सिविल लाइन पुलिस को दी। उक्त मामले में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## क्या है उस फाइल में, जिसे लेकर योगी प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे, नड्डा और अमित शाह से भी की मुलाकात

**नई दिल्ली, 19 जुलाई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि सीएम योगी आदित्यनाथ के दिल्ली दौरे से पुरे देश की राजनीति में हलचल बढ़ गई है। आज जैसे ही एक फाइल लेकर योगी आदित्यनाथ पीएम आवास पहुंचे सभी की नजर 7 आरसीआर की और चली गई। यूपी के सीएम योगी ने करीब 2 घंटे के अंदर पीएम मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

**योगी ने करीब दो घंटे के अंदर मोदी, जेपी नड्डा और अमित शाह से मुलाकात की**

और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। पीएम से योगी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, मंत्रिमंडल विस्तार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार पर बात की। योगी ने पीएम मोदी को जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह में आने का न्योता भी दिया। अक्टूबर में जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण का लोकार्पण होना है। पहले चरण में केवल डोमेस्टिक फ्लाइट का संचालन किया जाएगा। मोदी से मुलाकात के दौरान योगी एक फोल्डर को दोनों हाथों से दबाए नजर आ रहे थे। इस फोल्डर के अंदर 2-3 फाइलें दिख रही थीं। इसको लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मच गई है। पीएम से मिलने के बाद योगी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की। उन्होंने नड्डा को भगवा गमछा पहनाया और बुके दी। नड्डा से भी योगी ने प्रदेश अध्यक्ष को लेकर बात की। योगी जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष बनाने के पक्ष में हैं। योगी ने नड्डा को एक पत्र भी दिया है। दोनों की मुलाकात की फोटो में योगी के पास एक लिफाफा नजर आ रहा है। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में ऐसी क्या उठापटक यूपी की राजनीति में होती है जो पुरे देश का ध्यान योगी आदित्यनाथ पर खींच देगी।



# बुलेट बाइक पर गंगाजल लेने गए कांवड़िए की मौत, दूसरा घायल

### चार साथी कांवड़िया अलग-अलग बाईकों से जा रहे थे हरिद्वार

**कैराना, 19 जुलाई (बु.)।** बाइक पर सवार होकर हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि साथी कांवड़िया घायल हो गया। शनिवार को अलग -अलग बाईकों पर सवार होकर चार साथी कांवड़िए हरिद्वार गंगा जल लेने जा रहे थे। नगर के मोहल्ला आलकला शामली रोड निवासी अभिषेक चौधरी बुलेट बाइक पर सवार होकर गया था। जैसे ही वह शाम लगभग पांच बजे जनपद मुजफ्फरनगर के गांव बरला टोल प्लाजा पर पहुंचे, तो तभी दूसरी स्कूटी पर सवार युवकों की भिड़त हो गई, जिसमें



अभिषेक चौधरी गंभीर घायल हो गया, जबकि उसका साथी मनीष चोटिल हो गया। वहीं घायल अभिषेक की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता सुधीर चौधरी नपा के वार्ड 6 से पूर्व सभासद पद पर रह चुके हैं। उधर मृतक की एक मासूम पुत्री 15 दिन व दूसरी तीन साल की बताई गई है। सूचना पर परिजन जनपद मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो गए, देर शाम बताया गया कि वह बिना किसी कानूनी कार्यवाही व पोस्टमार्टम के मृतक को कैराना ले आए ।

# कोई अपने सामान को ढूंढ रहा है, तो कोई अपने बैग को कंट्रोल रूम से लेने नहीं आ रहा, 10 बैगों का कोई मालिक नहीं...

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** मुजफ्फरनगर के शिवचौक स्थित कांवड कंट्रोल रूम में किसी के खो जाने तो कभी किसी का सामान खो जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस समय भी कंट्रोल रूम के अंदर 10 ऐसे बैग हैं, जिसको अभी तक किसी ने क्लेम नहीं किया है। ऐसे में इन बैगों के बारे में कंट्रोल रूम से कई बार घोषणा की जा रही है, ताकि किसी का कोई जरूरी सामान हो तो वो ले जाए, लेकिन सोचने वाली बात है कि ना कोई पुलिस रिपोर्ट क्योंकि जब किसी कांवडिये का बैग गुम हो जाए और वो पुलिस से संपर्क करे, तो उसे एक बार कंट्रोल रूम जरूर भेजा जाता है, उसके बावजूद कोई इन बैगों को लेने नहीं आ रहा है। वहीं दूसरी तरफ आज दिल्ली मंगोलपुरी की रहने वाली भोली गुंजन का बैग किसी रिक्शा में चला गया, जिसकी एनाउंसमैंट उसने कांवड़ कंट्रोल रूम में भी करवाई। गुंजन का कहना था कि उसने शिकायत करवाना चाही, कोतवाली पुलिस स्टेशन में लेकिन उन्होंने शिकायत दर्ज नहीं की और कहा कि कंट्रोल रूम चले जाओ वहां एनाउंसमैंट करवा दो। गुंजन का कहना है कि उसके बैग में कुछ कीमती सामान था। इसके अलावा करीब 2 घंटे तक एक संदिग्ध बैग सुजडू में पड़ा रहा, जिसकी एनाउंसमैंट काफी समय तक होती रही। बाद में पता चला कि बैग का मालिक कांवडी खतौली पहुंच गया है। अंतिम सूचना मिलने तक यह बैग सुजडू स्थित कैंप में ही था।



### 10 साल के अनुभव को रिश्तेदार को सौंपा

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** कांवड़ के दौरान छोटे बच्चों के खो जाने के मामले भी सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला था, मेरठ के अनुभव का जिसकी उम्र 10 साल बताई जा रही थी, जोकि माता-पिता से बिछड़ गया था। बाद में कंट्रोल रूम के माध्यम से उसका माता-पिता से संपर्क हो पाया। बाद में उसे उसके रिश्तेदार मनीष जैन जो कि डीएम आवास की सुरक्षा में तैनात है के हवाले कर दिया गया।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ट्रम्प का बयान और जयराम रमेश

ट्रम्प ने एक बयान दिया है, जिसे सुनकर कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने सरकार से सवाल किए हैं। इससे पहले भी ट्रम्प के बयान पर कांग्रेस सरकार से सवाल करती रही है। विपक्षी नेता ऐसे बयानों को तुरंत लपकते हैं, जिनसे सरकार या प्रधानमन्त्री असहज हो जाते हों, लेकिन प्रधानमन्त्री इन सब पर ध्यान दिये बिना अपना काम करते चले जाते हैं, साथ ही जब उन्हें विपक्षी दलों को कुछ कहना होता तो वे करारा जवाब देते हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर उन्होंने जो भी वक्तव्य दिये वे सटीक थे, इसके विपरीत विपक्षी नेताओं की टिप्पणियां ऐसी रही कि उनकी चौतरफा निन्दा हुई। विश्व के कई रक्षा विशेषज्ञों ने भारत की सेना के शौर्य,सरकार की युद्ध नीति, और भारत के अस्त्रों की तारीफ की, लेकिन विपक्षी नेताओं के बयान या तो हास्यास्पद रहे या तथ्य विहीन, सोशल मीडिया पर लोग ही विपक्षी नेताओं को आड़े हाथों लेते रहे। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को जो घाव दिये हैं, उन्हें भरने में बहुत वक़्त लगेगा। ट्रम्प जो पाकिस्तान के हारे हुए फ़ील्ड मार्शल को खाना खिलाकर कोई गुल खिलाते हैं, उनके बयान से विपक्ष में जान आ जाती है। विपक्षी प्रवक्ता टीवी पर बैठ कर जाने क्या-क्या कहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि मई के महीने में भारत-पाकिस्तान के बीच चले संघर्ष में पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया था। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि किस देश के कितने लड़ाकू विमानों को नुकसान पहुंचा। ट्रम्प का यह बयान शुक्रवार रात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ हुए डिनर के दौरान आया है। इससे पहले पाकिस्तान भी भारत के पांच लड़ाकू विमान मार गिराने का दावा कर चुका है। हालांकि, भारत ने इन दावों को हमेशा खारिज किया है। पाकिस्तान के रक्षा मन्त्री से जब इस बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि मैंने सोशल मीडिया पर ऐसा सुना है। पाकिस्तानियों ही ने अपने नेता की खिल्ली उड़ाई थी, जिस हवा में पाकिस्तान के नेता मुट्ठी बांध रहे थे, उसी हवा में ट्रम्प भी मुट्ठी बांध रहे हैं। व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के सामने ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने कई युद्ध रोके हैं और ये सभी गंभीर युद्ध थे। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच भी यही हो रहा था। वहां विमानों को मार गिराया जा रहा था। मुझे लगता है कि असल में पांच जेट मार गिराए गए थे। ये दोनों परमाणु संपन्न देश हैं और एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे। ऐसा लगता है यह एक नए तरीके का युद्ध है। आपने हाल ही में देखा कि हमने ईरान में क्या किया। हमने उनकी परमाणु क्षमता पूरी तरह से नष्ट कर दी। अपने बयान में ट्रम्प ने एक बार फिर व्यापार का ज़िक्र किया और कहा कि इसके जरिए हमने संघर्ष को रोका। ट्रम्प ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा था और हमने इसे व्यापार के जरिए सुलझाया। हमने कहा कि आप लोग अमेरिका से व्यापार समझौता करना चाहते हैं, अगर आप एक-दूसरे पर हमले और शायद परमाणु हथियार से हमले करेंगे, तो हम व्यापार समझौता नहीं करेंगे। अब जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति दोनों के बीच युद्ध को रोकने के लिए अपना दखल देने पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि संसद का मानसून सेशन शुरू होने से ठीक 2 दिन पहले ट्रम्प मिसाइल 24वीं बार दागी गयी है। ट्रम्प ने कहा कि भारत और पाक दोनों देशों के बीच युद्ध रोक दिया है। वहीं, अगर युद्ध चलता रहा, तो कोई बिजनेस नहीं होगा। इसलिए अगर भारत और पाक अमेरिका के साथ बिजनेस समझौता चाहता है, तो उन्हें युद्धविराम पर सहमति जतानी होगी। जयराम रमेश ने कहा कि दो दिनों में शुरू होने वाले मानसून सत्र में पीएम मोदी को अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। कांग्रेस पार्टी की मांग है कि इन सवालों के जवाब के लिए कोई और मंत्री नहीं चलेगा। पीएम मोदी ही को इस पर जवाब देना चाहिए। इस मसअले पर और कोई सब्स्टीट्यूट बल्लेबाज नहीं चलेगा। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच वर्षों से मधुर संबंध रहे हैं। चाहे सितंबर 2019 में हुआ हाउडी मोदी कार्यक्रम हो या 2020 का नमस्ते ट्रम्प दौरा, दोनों नेताओं की करीबी जगजाहिर रही है। ऐसे में अब जरूरी है कि पीएम मोदी खुद संसद में आकर ट्रम्प के दावों पर स्थिति स्पष्ट करें। जयराम रमेश ने कहा कि यह केवल एक औपचारिकता है। पीएम मोदी संसद सत्र शुरू होने से पहले आधे घंटे तक भाषण देंगे और फिर वो सहयोग मांगेंगे, इसके बाद वो जो चाहेंगे, संसद में वो होगा, और फिर उसके बाद कुछ नहीं होगा। हर सत्र में ऐसा ही होता है। जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू और दूसरे लोग आएंगे, यह सब 11 से 1 बजे तक चलेगा और फिर कुछ नहीं होगा। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। हालांकि, सत्र शुरू होने से पहले ही कांग्रेस की तरफ से गतिरोध के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। ऐसे में मॉनसून सत्र के हंगामेदार होने के कयास लगने शुरू हो गए हैं। कुछ दिन पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने संसद सत्र के सुचारू रूप से चलने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच सहमति की बात कही है। उन्होंने सरकार की तरफ से अचानक बिल पेश किए जाने का जिक्र किया है। जयराम के रुख से साफ है कि कांग्रेस मानसून सत्र में सरकार के लिए मुश्किल खड़ी करने के लिए तैयार है। जयराम रमेश ने कहा था कि संसद तभी ठीक से काम करेगी, जब सरकार और विपक्ष के बीच आम सहमति होगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है कि दोनों के बीच आम सहमति हो। दुर्भाग्य से, पिछले 11 वर्षों में, विधेयक अचानक पेश किए गए हैं और बिना किसी चर्चा के तुरंत पारित करने के लिए कहा गया है,यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। संसद के मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस, पहलगाम हमले के आतंकियों के बारे में अब तक पता नहीं चलने, ऑपरेशन सिंदूर को 'रोके जाने' और बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तथा कुछ अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान 'पांच लड़ाकू विमान मार गिराने' के दावे पर राहुल गांधी ने भी सवाल खड़े किए हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी से सवाल करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मोदी जी, 5 जहाजों का सच क्या है? देश को जानने का हक है। सोशल मीडिया पर ही एक यूजर ने लिख दिया कि देश नहीं जानना चाहता और बच्चों को इन सब में नहीं पड़ना चाहिए।

## करणी सेना उपाध्यक्ष का सांसद इकरा को संदेश, मैं शादी करने को तैयार, शर्त- ओवैसी मुझे जीजा बुलाएं

**नई दिल्ली, 19 जुलाई (एजेंसी)।** जब से इकरा हसन और एडीएम का विवाद हुआ है सांसद सुर्खियों में आ गई हैं। अब इकरा को लेकर करणी सेना के उपाध्यक्ष का बयान सामने आया है। मुरादाबाद से करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कैराना सांसद इकरा हसन पर अमर्यादित टिप्पणी की है। राणा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा- मैं कैराना सांसद इकरा हसन से निकाह कबूल फरमाता हूं। वह भी कबूल करें। वह मुस्लिम धर्म अपनाए रखें। मेरे घर में नमाज पढ़ें। मुझे कोई ऐतराज नहीं है। उन्होंने कहा कि बशर्ते मैंने अपनी शर्तें रखी हैं कि असदुद्दीन ओवैसी और अकबरुद्दीन ओवैसी मुझे जीजा कहकर बुलाएंगे। मैं हिंदू ही रहूंगा। ऐसे ही टीका लगाऊंगा, क्योंकि हमें यही रहना है, हिंदू-मुस्लिम भाई। मुझे निकाह कबूल है। इसके साथ ही उन्होंने सांसद को लेकर कई पोस्टें कीं। हालांकि विवाद होने पर दो घंटे बाद ही योगेंद्र सिंह राणा ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी।



# प्रभारी मंत्री ने स्व. चितरंजन स्मृति मंच कांवड़ शिविर का किया शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** चितरंजन स्मृति मंच की ओर से आयोजित कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंत्री सोमेंद्र तोमर ने करते हुए आयोजन के लिए मंच से सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने शिवभक्तों की सेवा करने को स्वयं को इसके लिए सौभाग्यशाली बताते हुए नगर से गुजरने वाले शिवभक्तों का हृदय से स्वागत करते हुए उन्हें शीतल पेय वितरित किए। जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि स्व. पूर्व मंत्री चितरंजन स्वरूप जी की प्रेरणा से जो कांवड़ सेवा शुरू की गई थी, उसे आप लोगों द्वारा आज भी निरंतर चलाना उन्हें आपकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके लिए आपको और स्वरूप परिवार को इस पुनीत कार्य की बधाई देता हूं। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शिविरों के माध्यम से शिवभक्तों की निःशुल्क सेवा करना, हिन्दू धर्म के आपसी भाई चारे को और मजबूत करता है। उन्होंने स्व. मंत्री चितरंजन स्वरूप स्मृति विचार मंच को इस पुनीत कार्य की बधाई भी दी। कार्यक्रम में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने संयुक्त रूप से अतिथियों का कांवड़ सेवा शिविर में पधारने पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरे स्व. पिताजी श्री चितरंजन स्वरूप जी ने 13 वर्ष पूर्व शिविर के माध्यम से शिवभक्त भोलों की सेवा का कार्य प्रारम्भ किया था, उसे हम सब पूरा करने को हमेशा प्रयासरत रहते हैं। इस दौरान शिविर के आयोजक शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा ने मंत्री सोमेन्द्र तोमर को शिव की मूर्ति भेंट करते हुए उनका स्वागत किया। शिविर में मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज का निःशुल्क चिकित्सा सेवा में विशेष सहयोग रहा। इस दौरान भोलों को ठंडे दूध की बोतलें, फ्रूटी, जूस , मट्ठा, शिकंजी, ताहरी, मीठे चावल एवं लड्डू आदि का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शंकर स्वरूप, अनिल लोहिया, सुखबीर सिंह, अशोक सरीन, अरविन्द गोयल, प्रवीण खेड़ा, संजय मित्तल, श्रीमोहन तायल,संजय मिश्रा, आशु गुप्ता, सभासद मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, पूर्व सभासद विकल्प जैन, मेडिकल कॉलेज से डॉ. अमृत राज, डॉ. गुरशरण कौर, जल सिंह निधि कश्यप, रविंदर कुमार, केशव सिंह, वंदना, बिल्लू, शाहबाज एवं ऋतिक आदि मौजूद रहे।







## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. ने किया कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बुस.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. द्वारा गत वर्षो की भांति अहिल्याबाई चौक चर्च मार्केट में विशाल कांवड़ सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, अध्यक्ष सर्राफा एसो. पवन वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कमलकांत शर्मा, जिला महामंत्री विशाल जैन, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल, जिला युवा अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह द्वारा कांवड़ सेवा शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल, प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, सदस्य प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया अंकुर दुआ, पूर्व चेयरमैन सुभाष चंद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव



स्वरूप, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता जगदीश पांचाल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा विजेंद्र पाल, भाजपा नेता सुनील तायल, व्यापारी नेता संजय मिश्रा, केशव मंडल अध्यक्ष नन्द किशोर, नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, भाजपा नेता विशाल गर्ग, सभासद रजत धीमान, सभासद विकल्प जैन, सभासद अमित पटपटिया, पंकज महेश्वरी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया एवं सभी के द्वारा विधिवत पूजन कराकर शिविर का शुभारंभ किया गया एवं उपस्थित भोले भक्तों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराते हुए सेवा की गई। कांवड़ सेवा शिविर में अनेकों तरह के व्यंजन प्रसाद के रूप में भोले भक्तों को वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल द्वारा किया गया। शिविर में संगठन के जिला युवा महामंत्री भूपेंद्र गोयल, मीडिया प्रभारी सुनील वर्मा, व्यापारी नेता शलभ गुप्ता, विक्की चावला, सचिन शर्मा, जनार्दन विश्वकर्मा, अनिल सिंघल, शिव कुमार सिंघल, भूरा कुरैशी, डॉ. शोकी, राहुल त्यागी, रमन शर्मा, सुखबीर सिंह, अभिलक्ष मित्तल, मयंक गोयल, इम्तियाज खान, अजय कांत शर्मा, उज्ज्वल मित्तल, ध्रुव शर्मा, निखिल, वैभव, इशिका भारद्वाज, चंदन गुप्ता, नरेश गर्ग, सुनील वर्मा, पवन तायल, पवन सिंघल, अभिमन्यु मित्तल सर्राफ, अलका शर्मा, सीमा गोस्वामी, अखिलेश शर्मा, हरीश गुप्ता, आशु गुप्ता, अर्णव त्यागी, गौरव सिंघल सहित अनेकों पदाधिकारियों, व्यापारियों एवं गणमान्यों द्वारा सेवा करते हुए शिव भक्त कांवड़ियों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया।

## कांवड़ यात्रा को बदनाम करने का षड्यंत्र : यशवीर महाराज



**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा में पहचान अभियान चलाने वाले मुजफ्फरनगर जनपद के स्वामी यशवीर जी महाराज इस बार की कांवड़ यात्रा में लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। स्वामी जी ने इस बार मीडिया से बात करते हुए यह बड़ा बयान दिया है कि जो लोग कांवड़ यात्रा के दौरान तोड़फोड़ हंगामा कर रहे हैं, उन असामाजिक तत्वों को कांवड़ियों के भेष में विपक्ष और मुसलमानों ने भेज रखे हैं, जो कांवड़ियों के भेष में हंगामा और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 5-6 दिन पहले मुजफ्फरनगर के अंदर भी पांच मुस्लिम लड़के कांवड़ियों के भेष में पकड़े गए हैं और हरिद्वार में भी साधु के भेष में मुसलमान पकड़े गए हैं, यह इस तरह की घटनाएं वे कर रहे हैं। स्वामी जी ने पुलिस प्रशासन से कहा कि ऐसे लोगों पर शिकंजा कसे और गंभीर धारा इन पर लगाए, क्योंकि कांवड़ यात्रा को ये लोग बदनाम करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। इससे पूर्व यशवीर महाराज ने राणा चौक पर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा भी की।

## खत्री वैवाहिक ग्रुप द्वारा कांवड़ सेवा की गयी



**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बुस.)।** खत्री वैवाहिक ग्रुप, गाजियाबाद मंडल खत्री सभा व सहारनपुर मण्डल खत्री सभा के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अनेजा, महामंत्री देवेन्द्र सेठ, संयोजक नीरज अरोरा, संगठन मंत्री आशु बत्रा शामली, सह संयोजक/सहारनपुर मण्डल खत्री सभा के महामंत्री विकास अरोरा, सह संयोजक अमित अरोरा रेनसन के नेतृत्व में एक दिन का कांवड़ सेवा कैम्प शामली रोड बल्लम स्वीटस पर लगाया गया, जिसमें नन्द किशोर अरोरा, कुलदीप अरोरा, शुभम अरोरा, सुभाष पवार, प्रमोद पाल, आरव अरोरा, चेतन सैनी, कल्लू सैनी, कालू सैन, राजेन्द्र भगत, सागर (नगला कबीर), कमल जैन कुन्दनपुरा आदि सदस्यों ने कैंप में शामिल होकर सेवा कर धर्म लाभ उठाया। अन्त में कार्यकारी महामंत्री देवेन्द्र सेठ तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अनेजा ने सभी सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।





## पंजाबी समाज ने भंडारा लगाकर भोलों को खिलाये गर्मागर्म छोले-चावल व पकौड़ी

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बुस.)।** पंजाबी समाज द्वारा आनन्द भवन के गेट पर शिविर लगाकर शनिवार को भोले कांवड़ियों की सेवा करते हुए उन्हें छोले-चावल का प्रसाद व गर्मागर्म पकौड़ी खिलाई। इस अवसर पर जोरशोर से पंजाबी समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए कहा कि पंजाबी समाज प्रत्येक धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में इसी तरह बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है और आगे भी निस्वार्थ भाव से समाजहित में पंजाबी समाज संयुक्त रूप से इसी तरह कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर पंजाबी समाज के चेयरमैन नीलकल पुरी, अध्यक्ष अंकुर दुआ, मुख्य संरक्षक सुखदर्शन बेदी, प्रभारी अशोक बाटला, वाइस चेयरमैन अशोक डोडा, महासचिव प्रवीण खेड़ा, सागर वत्स, पवन छाबड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद डाबर, अनिल सोबती, कोषाध्यक्ष कुलभूषण बजाज, यश कपूर, प्रमोद अरोरा, बंटी गाबा, राजू रहेजा, अशोक छाबड़ा व पंजाबी समाज परिवार की महिलाएं उपस्थित रही। सभी ने अपने हाथों से कांवडियों की सेवा की।

## चार तीर

सुनील उत्सव

'भारत' 'पूजा' 'कुंठित' 'कमियाँ'

हम सब भारत वासी अपनी-अपनी पूजा करते हैं,
कुंठित लोग ही धर्म कार्य में कमियाँ ढूंढा करते है।
तर्क,दलीलें,बुद्धिमत्ता इनसे ऊपर है श्रद्धा,
गलत पढ़ाई करने वाले अक्सर चीखा करते हैं।



## नगर पालिका परिषद् के सफाई नायकों द्वारा अहिल्याबाई चौक पर शिव भक्त श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बुस.)।** कांवड़ यात्रा-2025 के सुचारू एवं सुरक्षित संचालन हेतु मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद् पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में आज सफाई नायकों द्वारा विशेष रूप से शिवभक्त श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। हरिद्वार से जल से लेकर अपने गंतव्य जा रहे शिवभक्त श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की और उनके सुचारू एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद कर उनकी यात्रा के अनुभवों की जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही सफाई नायकों द्वारा श्रद्धालुओं से संवाद कर बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, यात्रा मार्ग पर पर्याप्त सफाई नायकों एवम सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे यात्रा के दौरान निर्धारित मार्गो का ही प्रयोग करें, सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें और नगर पालिका परिषद् द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि यह पवित्र यात्रा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर सफाई नायक-अर्जुन सिंह, रोहित चौहान, विकास एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे और उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ मिलकर उनके प्रति सहयोग और सेवा की भावना को साकार किया मुजफ्फरनगर नगर पालिका आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

# उत्तम गौसेवा की ओर से भोलों पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की गई





**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बुस.)।** उत्तम गौसेवा टीम की ओर से शिवचौक पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, समाजसेवी भीमकंसल, गौसेवक नीशू, नवीन आदि गौसेवा टीम से जुड़े दर्जनों गौभक्तों ने शिवचौक पहुंचकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवडियों पर गुलाब की पंखुडियों की वर्षा की और साथ ही साथ उन्हें ठंडे पानी की बोतल व नींबू पानी वितरित किया। इस अवसर पर समाजसेवी भीमकंसल ने कहा कि वास्तव में यह क्षण आनन्दमयी क्षण हैं, जिन्हें भूलना नामुमकिन है और शिवचौक पर आते ही यह आन्नद दोगुना हो जाता है, क्योंकि उत्साह से लबालब कांवड़ियां जब इतनी थकान के बावजूद भी शिवजी के जयकारें लगाकर चलते हैं तो उनके प्रति हम लोगों का भाव और अधिक समर्पित हो जाता है, क्योंकि इतने कष्ट में भी मुस्कुराते हुए भोले अपनी यात्रा को आनन्दमयी तरीके से कहीं डीजे बजाकर, कहीं पैरों में घुंघरू बांधकर तो कहीं नाचते-गाते खुद का भी उत्साह बढ़ाते हैं और उन्हें देखने वालों का भी।

VACANCY
for
Assistant Operations Executive (Preferably FEMALE) needs to help in designing Travel Packages for destinations outside as well as in India to maintain relationship with existing client accounts and increase sales

Desired profile of the candidate:
- Good Communication skill
- Good Knowledge of M.S Word & M.S Excel is required
- Should have a strong customer service attitude
- Candidate with experience in travel & tourism industry will be preferred

Contact
Sarang Trade Links
P.S.A - Thomas Cook India Ltd.
29-30/48 I Floor, K. Vinod Market, Near Swagat Hotel, Mahavir Chowk, Muzaffarnagar.
Phones: 9897060005, 9897030005

## हरिद्वार से गाजियाबाद तक स्केटिंग कर गंगाजल ला रही नन्ही नंदिनी और युग

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** हरिद्वार से गाजियाबाद तक स्केटिंग कर गंगाजल लाए नन्ही नंदिनी और युग गाजियाबाद के न्यू एरा स्कूल पांडव नगर के दो होनहार छात्र हैं। दोनों ने एक असाधारण संकल्प लिया, जिसको पूरा करने के लिए मिसाल कायम की है। दोनों बच्चों ने हरिद्वार से गंगाजल लाकर एक सराहनीय पहल की, जिसकी सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने यह पूरी यात्रा स्केटिंग के माध्यम से पूरी की। यह अनूठी पहल न केवल उनकी शारीरिक क्षमता और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था के प्रति उनके समर्पण को भी उजागर करती है। स्केटिंग करते हुए इतनी लंबी दूरी तय करना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है, जिसे इन दोनों बच्चों ने बखूबी पूरा कर दिखाया। उनकी इस अनुकरणीय उपलब्धि ने सभी को हैरान कर दिया है और वे अपने स्कूल व क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। नंदिनी और युग ने अपनी इस यात्रा से यह संदेश दिया है कि अगर दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उनकी यह पहल निश्चित रूप से अन्य बच्चों और युवाओं को भी प्रेरित करेगी कि वे अपनी क्षमताओं को पहचानें और बड़े सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करें। नंदिनी और युग ने मीडिया व पुलिस प्रशासन का दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि यह यात्रा सिर्फ गंगाजल लाने की नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को एक सकारात्मक दिशा दिखाने की भी थी। हमें गर्व है कि हमारे साथ समाज के हर वर्ग ने सहयोग किया। इस सराहनीय प्रयास ने न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया, बल्कि यह भी दिखाया कि युवा वर्ग जब ठान ले, तो कुछ भी असंभव नहीं।



## खाद्य विभाग ने जिले में की छापेमारी, कई नमूनों को परखा

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा मेले के बीच शिवभक्तों को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच शनिवार को सहायक आयुक्त खाद्य व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन की टीम ने चैकिंग अभियान जारी रखा। इस दौरान टीम ने विभिन्न कांवड़ शिविरों व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए सैंपल जांच के लिए जब्त किए। योगी सरकार की पवित्र मंशा के अनुरूप कांवड़ मार्ग पर तमाम शिवभक्तों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए कांवड़ सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर मुजफ्फरनगर में अर्चना धीरान सहायक आयुक्त खाद्य व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा कांवड़ मार्ग पर कांवड़ श्रद्धालुओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने को कांवड़ शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर संचालकों, खाद्य कारोबार कर्ताओं को साफ सफाई संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। टीम ने इस दौरान कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों का निरीक्षण करते हुए फूड सेफ्टी कनेक्ट एप तथा रेट लिस्ट चस्पा कराया। इसके अतिरिक्त टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए खाद्य कारोबार कर्ताओं को हाइजीन व साफ सफाई व्यवस्था रखने को निर्देशित किया। टीम ने इस बीच यहां फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स वैन द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। इसके अतिरिक्त कस्बा भोपा से मुस्कान स्वीट्स से बर्फी, बूंदी के लड्डू, प्रजापति किराना स्टोर मोरना से लाल मिर्च पाउडर, सेंधा नमक और मूलचंद किराना जानसठ से काली मिर्च एवं मित्तल किराना स्टोर भोपा से सौंफ एवं दालचीनी के सर्विलांस नमूने लिए गए।





## श्री कदीम अग्रवाल सभा ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** श्रावण माह की शिवरात्रि पर भगवान आशुतोष को मां गंगा का पवित्र गंगा जल अर्पित करने की खातिर गंतव्य पर कांवड़ियों का सैलाब बढ़ता जा रहा है। शिव भक्तों की आस्था का केन्द्र बने शिवचौक पर नगर की जनता के साथ राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने शनिवार को पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। श्री कदीम अग्रवाल सभा द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में आने वाले सभी कांवड़ियों के रूप में भोलों का स्वागत पुष्प वर्षा करके किया। इस दौरान संपन्न कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की मौजूदगी में मयंक बंसल की अध्यक्षता और मंत्री अनिल तायल के संचालन में संपन्न कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व सभा अध्यक्ष श्रीमोहन तायल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप बंसल, भवन मंत्री पवन बंसल, अनिल बंसल, प्रचार मंत्री परीक्षित मित्तल, दिनेश बंसल, दीपक बंसल, नीरज अग्रवाल, गरिमा गोयल आदि मौजूद रहे।

NAME CHANGE
I, MILAN KEDIA, W/O VAIBHAV AGGARWAL R/O 42/21, South Civil, Line Muzaffarnagar, UP-251001, have changed my name from MILAN KEDIA toMILAN AGGARWAL. Henceforth, I would be known by the name of MILAN AGGARWAL, for all future purposes.

# कांवड़ मार्ग पर खुद निगरानी करने उतरी पालिका चेयरपर्सन

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** श्रावण माह कांवड़ यात्रा के बीच पालिका चेयरपर्सन सेवा भाव का परिचय देते हुए शिविरों में पहुंचकर हारे-थके कांवड़ियों की सेवा करने में जुटी हैं। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी शिविरों में पहुंचकर न सिर्फ कांवड़ियों की मरहम-पट्टी की अपितु उनकी हर संभव सहायता करते हुए उनका हाल चाल भी जाना। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप कांवड़ शिविर में पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी निभाने के साथ, व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए सड़कों पर पूरी टीम के साथ डटी हुई हैं। इस बीच उन्होंने नगर में लगे शिविरों में पहुंचकर भारी कांवड़ उठाकर आ रहे शिव भक्तों के कंधों पर स्वयं अपने हाथों से बैंडेज लगाई और जरुरी दवाइयों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ये शिवभक्त हमारे अतिथि हैं और उनकी सेवा करना हमारा धर्म एवं संस्कार है। शिविरों में उन्होंने कांवड़ियों को शीतल पेय और खाद्य सामग्री वितरित की, वहीं सफाई व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति की जानकारी लेने के साथ अधीनस्थों को निर्देश जारी किए। पालिका चेयरपर्सन ने इन शिविरों में भोजन व्यवस्था का जायजा लेते हुए अपने हाथों से शिवभक्तों को भोजन भी परोसा। उन्होंने सभासदों एवं अधिकारियों के साथ कांवड़ मार्ग पर निकल कर शिविरों, विश्राम स्थलों और अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। चेयरपर्सन ने इस बीच पालिका क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर सफाई कर्मियों की विशेष ड्यूटी सुनिश्चित कराने के साथ स्वयं भी सड़कों पर उतरकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही हैं। रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था सहित हर पहलू पर उनकी नजरें बनी हैं। उन्होंने बताया कि कांवड़ शिविरों में सेवा व सुविधा में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए वे स्वयं लगातार निरीक्षण कर रही हैं और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रही हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि मुजफ्फरनगर आने वाले हर शिवभक्त को पूर्ण सुविधा, सुरक्षा और सम्मान मिलेगा। नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों ने भी पालिका चेयरपर्सन की इस सेवा भावना और सक्रियता की सराहना की है।

## केंद्रीय रेल मंत्री को दैनिक यात्री संघ ने लिखा पत्र

### - मुजफ्फरनगर स्टेशन पर गाड़ी बढ़ाने व समस्या निदान की मांग

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** दैनिक यात्री संघ ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को भेजे पत्र में मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से जुड़ी जन समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं के निदान कराने की मांग की। दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत ने केंद्रीय रेल मंत्री को भेजे पत्र में मुजफ्फरनगर से जम्मू जाने वाली एकमात्र गाड़ी सं.14661 व 14662 शालीमार एक्सप्रेस का विस्तार श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन तक किए जाने की मांग की, ताकि श्रद्धालु आराम से सफर करते हुए मां के दरबार तक पहुंचे। वहीं गाजियाबाद से मेरठ तक आने वाली मेमो पैसेंजर गाड़ी 64555 और 64556 का विस्तार करते हुए मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन तक करने, गाड़ी संख्या 64560 व 64559 दिल्ली सहारनपुर पैसेंजर एवं गाड़ी संख्या 14303 और 14304 दिल्ली-हरिद्वार एक्सप्रेस में डिब्बों की संख्या बढ़ाने, गाड़ी नं. 20411, 20412 दिल्ली-सहारनपुर मेमो सुपर फास्ट एक्सप्रेस का विस्तार अंबाला तक करने एवं सुबह के समय अम्बाला-पंजाब के लिए अन्य नई ट्रेन चलाने की मांग की। मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन डबल लाइन के साथ इलेक्ट्रिक लाइन से सुसज्जित होने के बाद ट्रेनों के यहां पर लेट पहुंचने के प्रमुख कारण गाजियाबाद एवं दिल्ली के बीच में ट्रेनों को आउटर पर रोक कर लेट किए जाने की ओर रेल मंत्री का ध्यान दिलाते हुए यात्री संघ ने ड्यूटी पर जाने वाले यात्रियों को होने वाली परेशानी से अवगत कराते हुए सुधार की मांग की। इस दौरान दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत, दीपक गुप्ता, विनोद कुमार, राजेश चौहान, दीपक भाटिया, पंकज कुमार भोला, दीपक कुमार कल्लू, अंकित गर्ग, निशांत कुमार व कमलकांत एड. ने रेलवे स्टेशन से जुड़ी समस्याओं के निदान की मांग की।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा
मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com








## स्वर्ण मंदिर को आठवीं बार बम से उड़ाने की धमकी भरा एक और ई-मेल मिला

**अमृतसर 19 जुलाई (वार्ता)** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को शनिवार को स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक और ई-मेल मिला। चौदह जुलाई के बाद से यह आठवीं ऐसी धमकी है। ऐसी धमकियों के मद्देनजर पवित्र सिख तीर्थस्थल स्वर्ण मंदिर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। मंदिर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी परिसर में गश्त कर रहे हैं। अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिह गरगज्ज ने अब तक अपराधियों की पहचान करने में केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की विफलता पर सवाल उठाये हैं। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि जांच जारी है। इस मामले में हिरासत में लिये गये एक संदिग्ध शुभम दुबे से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा, ''ऐसे मामलों में तकनीकी विश्लेषण में समय लगता है।'' उन्होंने कहा कि संदिग्धों की जल्द ही पहचान कर ली जायेगी।

## बूथ उतरेगा कुछ लोगों का भूत: अखिलेश

**लखनऊ, 19 जुलाई (वार्ता)** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ताजिया जुलूस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर पलटवार करते हुये कहा है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुछ लोगों का भूत 'बूथ' उतारेगा। श्री यादव ने शनिवार को एक्स पर लिखा ''अगली बार कुछ लोगों का भूत 'बूथ' उतारेगा। और कुछ नहीं कहना है।'' गौरतलब है कि वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा था कि जौनपुर में मुहर्रम के दौरान एक घटना हुई। ताजिया को इतना ऊंचा किया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए। तीन लोगों की मृत्यु हो गयी जिसके बाद उपद्रव हुआ और रोड जाम कर दिया। पुलिस ने उनसे पूछा तो उन्होंने कहा लाठी मारो इनको। ये लातों के भूत हैं बातों से नही मानेंगे। इसका किसी ने सोशल मीडिया पर विरोध नही किया, लेकिन कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है।

## छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास के मामले में आरोपी को दस साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** 23 सितम्बर 2017 के छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास के मामले में आरोपी को दस साल की सजा व चालीस हजार रुपये का जुर्माना। शनिवार को डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी प्रदीप बालियान ने बताया कि नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि 23 सितम्बर 2017 को वह अपने परिवार के साथ अपने पैतृक गांव गया था। घर में उसके पीछे उसकी बेटी व भतीजी मौजूद थी। रात्रि में आरोपी जितेन्द्र निवासी गांधीनगर घर पर पहुंचा और दोनों बेटियों को मोबाइल देकर उन्हें व्यस्त कर दिया। इसी बीच गांधी नगर निवासी जितेन्द्र ने उसकी भतीजी को अलग ले जाकर उससे छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर-शराबा होने पर आरोपी जितेन्द्र परिवार के लोगों को धमकी देता हुआ भाग गया। उक्त मामले में हाथोंहाथ पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई, जिनकी सुनवाई विशेष पोक्सो कोर्ट नम्बर-1 मंजुला भालोटिया की कोर्ट में चली। शनिवार को मामले की सुनवाई कोर्ट ने करते हुए आरोपी को दस साल की सजा व 40 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया।

## विद्युत चेकिंग पर पहुंचे जेई राहुल साहू की पिटाई

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** विद्युत उपकेन्द्र मखियाली के जेई राहुल साहू ने नई मण्डी थाने में जानकारी देते हुए बताया कि वह टीम के साथ गांव मेघाखेड़ी में उपभोक्ता अशोक कुमार उर्फ बिल्लू के घर पर पहुंचे थे। जब टीम मीटर की चैकिंग कर रही थी तो अचानक ही अशोक कुमार जेई राहुल के साथ अभद्रता करने लगे। इसके बाद उनसे गाली गलौच और साथ ही साथ मारपीट भी की गयी। जब जेई के साथ गयी टीम ने इसका विरोध किया तो आरोपी अशोक कुमार ने उनकी भी पिटाई की। जेई राहुल ने उक्त मामले की सूचना नई मण्डी कोतवाली को दी। सूचना पर पुलिस पहुंची तो आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जेई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

लो... अखिलेश जी आपके दिये बयान का हर जवाब दिया जा रहा है

# स्वयं सहारनपुर मण्डल कमिश्नर, डीएम और एसएसपी भोलों को करा रहे भोजन

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** आईपीएस ऋषिका सिंह द्वारा की गयी भोला



कांवड़ियों की सेवा के बाद अखिलेश यादव ने फिर एक बार अपने ट्वीटर पर ऋषिका सिंह की फोटो लगाकर कहा कि अच्छी सेवा के साथ, भाव भी अच्छे होने चाहिएं। ऐसे में ऋषिका सिंह के अच्छे भाव का तो साफ पता चल रहा है, मगर अखिलेश यादव के भाव भोला कांवड़िया पूरी तरह से जान चुके हैं। हाल ही में अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा था कि सीओ को कांवड़ियों के पैर दबाने चाहिए और अधिकारियों को भोजन कराना चाहिए। अखिलेश यादव की बात का जवाब उन्हें मुजफ्फरनगर से माकूल रूप से मिल रहा है। शनिवार को इसी क्रम में नई मंडी पुलिस द्वारा बाकायदा कांवड़ियों की सेवा के लिए कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें वास्तव में सहारनपुर मंडल कमिश्नर अटल राय व डीएम उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय वर्मा शिव भक्त कांवड़ियों को प्रसाद बांटते हुए दिखाई दे रहे हैं। शायद यह तस्वीरें फिर एक बार अखिलेश यादव तक पहुंचेंगी और उनके मन को संतुष्टि मिलेगी कि उनके मुख्यमंत्री न होने के बाद भी अधिकारी उनकी बात पर अमल कर रहे हैं। अब इस पर वे क्या तंज कसेंगे, यह कह पाना तो मुश्किल है मगर फिलहाल मुजफ्फरनगर पुलिस प्रशासन शिवभक्तों की शानदार सेवा करता दिख रहा है।

# बिना वर्दी के मिले कर्मचारी तो वेतन काटेगी कंपनी

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** नगरीय क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन बनाने की दिशा में जुटी नगर पालिका परिषद के साथ 3 वर्ष की अवधि के लिए धरातल पर उतरी कंपनी ने नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी संभाल रही जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा. लि. ने कार्य प्रणाली को अधिक प्रभावी और अनुशासित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और डलावघरों से कूड़े के निस्तारण में लगे सभी कर्मियों के लिए वर्दी पहनना अनिवार्य कर दिया है।
इस पहल के तहत शिव चौक पर शुरू विशेष कार्यक्रम के बीच नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह की मौजूदगी में कंपनी कर्मचारियों को कंपनी द्वारा निर्मित नई वर्दियाँ वितरित की। वर्दियों पर कंपनी और पालिका का विशेष लोगो अंकित किया गया है, जिससे कर्मचारी सार्वजनिक स्थानों पर आसानी से पहचाने भी जा सकें। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर नीतेश चौधरी ने बताया कि अब कंपनी ने कर्मियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि उन्हें प्रतिदिन ड्यूटी पर आते समय निर्धारित वर्दी में उपस्थित होना अनिवार्य है। यदि कोई कर्मी बिना वर्दी के ड्यूटी करता पाया गया, तो उस दिन का वेतन उसे नहीं दिया जायेगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को और भी व्यवस्थित बनाने के लिए कंपनी ने कुछ प्रमुख क्षेत्रों में बड़े गारबेज वाहन तैनात किए हैं। ये वाहन विशेष रूप से उन क्षेत्रों में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण कार्य करेंगे, जहां मुख्य मार्गों पर आवासीय क्षेत्र है। उन्होंने बताया कि चेयरपर्सन और ईओ के निर्देशन में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कंपनी ने शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करीब 21.9 किमी लंबे कांवड़ मार्ग पर सभी सेवा शिविरों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सफाई दल गठित किए हैं। सफाई कर्मियों की टीम को सुपरवाइजर व हेल्परों के साथ 24 घंटे की ड्यूटी में लगाया गया है। प्रत्येक सेवा शिविर से कूड़ा एकत्र करने के लिए 25-25 वाहनों की पूर्ण टीम तैनात की गई है, जो दिन-रात सक्रिय रहकर नियमित अंतराल पर कूड़ा संग्रहण का कार्य कर रही हैं। कंपनी ने सफाई व्यवस्था की निरंतर निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों की विशेष ड्यूटी भी निर्धारित की है। रात्रिकालीन शिफ्ट में भी डलावघरों से कूड़े का उठान सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि रात के समय शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे और सुबह तक मार्ग साफ-सुथरे रहें।

# प्रभारी मंत्री ने शिवचौक पर शिवभक्तों पर की पुष्पवर्षा

## कांवड़ मार्गों के निरीक्षण करते हुए परखी व्यवस्थाएं



**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** जिले के प्रभारी मंत्री ऊर्जा वैकल्पिक ऊर्जा डॉ. सोमेंद्र तोमर एवं मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कांवड़ यात्रा में हरिद्वार से लौट रहे शिवभक्तों का नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शिवचौक पर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने पुष्प वर्षा करते हुए कांवड़ियों का अभिनंदन किया। इस बीच पूरा वातावरण बोल बम, बम-बम के जयकारों से गूंज उठा। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कांवड़ शिविर सब्जी मंडी खतौली, नगर पालिका गंग नहर, यूपी लेखपाल संघ कांवड़ शिविर कंपनी बाग, शिवभक्त शिविर सेवा संघ कंपनी बाग, कंट्रोल रूम शिवचौक, तुलसी पार्क, राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन कांवड़ शिविर, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कांवड़ शिविर अस्पताल तिराहा पर लगे शिविरों का उद्घाटन किया तथा शिविरों के माध्यम से कांवड़ियों को दी जा रही सुविधाओं आदि को देखा। प्रभारी मंत्री ने कांवड़ यात्रियों को प्रसाद वितरण किया।
जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर एवं राज्य मंत्री कपिल देव ने कांवड़ मार्गों का निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन, चिकित्सा व विश्राम की व्यवस्था को परखा। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने तुलसी पार्क में स्व. चितरंजन स्वरूप परिवार की ओर से आयोजित पांच दिवसीय 13वां निशुल्क चिकित्सा एवं भोजन प्रसाद कांवड़ सेवा शिविर का फीता काटकर शुभारंभ भी किया। मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि कांवड़ यात्रा हमारी सनातन परंपरा की अद्भुत पहचान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा कांवड़ मार्ग पर स्वच्छता, यातायात नियंत्रण, जलापूर्ति एवं मेडिकल रिस्पॉन्स टीम जैसी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है, जिससे किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि कांवड़ यात्रा उत्तराखंड के बाद जनपद मुजफ्फरनगर से होकर गुजरती है, यह हमारे लिए गौरव की बात है कि जनपद से शिवभक्त कांवड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो पुलिस प्रशासन एवं प्रशासन व संस्थाओं द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष डडॉ. सुधीर सैनी, पालिका चेयरपर्सन मिनाक्षी स्वरुप, एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

## यूपी में बकाया गृहकर वसूली अभियान 31 जुलाई तक

**लखनऊ, 19 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बकाया गृह कर वसूलने के लिए 15 जुलाई से शुरु किया विशेष अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिन मालिकों ने अभी तक अपना बकाया नहीं चुकाया है, उन्हें नोटिस और बिल भेजे जाएंगे। उत्तर प्रदेश के 17 प्रमुख नगर निगमों में 55 लाख से ज़्यादा संपत्तियों को इसके दायरे में लाया जाएगा। कुल 762 शहरी स्थानीय निकायों के साथ, राजस्व का बड़ा हिस्सा इन्हीं 17 शहरों से आता है। अनुमान है कि शेष 199 नगर पालिका परिषदों और 545 नगर परिषदों के पास 30 से 35 लाख अतिरिक्त संपत्तियां हैं। अधिकारी ने कहा कि मध्यम और छोटे स्थानीय निकायों का योगदान वर्तमान में नगण्य है। हम उन्हें अधिक संख्या में इलाकों से कर वसूलने के लिए आवश्यक संसाधन और कौशल प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यह केवल उन्हीं क्षेत्रों में संभव है जहाँ कुछ सुविधाएं और सुख-सुविधाएँ प्रदान की गई हों।

## पुलिस संग कंधे से कंधा मिला कर निभा रहे स्काउट-गाइड्स बड़ी जिम्मेदारी



**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** बम-बम, बोल-बम के जयघोष के बीच शनिवार को कांवड़ यात्रा अपने चरमोत्कर्ष की ओर है। देवभूमि हरिद्वार से मुजफ्फरनगर में पुरकाजी बार्डर से प्रवेश के साथ गंग नहर पटरी मार्ग से भी अपने गंतव्य की ओर तेजी से कांवड़िए बढ़ रहे हैं। इस बीच पुलिस और प्रशासन कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के बीच 24 घंटे डटे हैं, लेकिन ऐसे में पुलिस-प्रशासन के सहयोगी के रूप में नगर क्षेत्र में स्काउट-गाइड्स भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में जुटी है। जनपद की सीमा में पुरकाजी से खतौली तक 100 से अधिक जहां स्काउट-गाइड्स कांवड़ियों की सुरक्षा में विभिन्न चौराहों पर तैनात हैं। वहीं कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधिकारियों से सिपाही तक सड़कों पर दौड़ रहे हैं। वहीं कांवड़ियों को सही मार्ग दिखाने से लेकर व्यवस्था बनाने के लिए स्काउट-गाइड्स भी सुबह से रात तक ड्यूटी दे रहे हैं। स्काउट-गाइड्स के डीसी पूर्व प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने बताया स्काउट-गाइड्स में शामिल छात्र-छात्राएं पुरकाजी, खतौली, बुढ़ाना के साथ शहर में ड्यूटी दे रहे हैं। मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा के साथ जिला अस्पताल चौराहा, शिवचौक, मीनाक्षी चौक पर सभी अपनी जिम्मेदारी के साथ में तैनात है। जिला संगठन कमिश्नर भारत भूषण अरोरा ने बताया कि इस ड्यूटी पर उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिसका लाभ भविष्य में राज्यपाल अवार्ड प्राप्त करने में भी मिलता है।

# माता-पिता को पलड़े में बैठाकर हरिद्वार से गंगाजल ला रहे कलयुग के चार श्रवण कुमार

## ▶▶ दादा-दादी के बाद माता-पिता की हरिद्वार जाने की इच्छा को पूरा करने के लिए उन्हें कंधे पर ला रहे चार भाई

**मीरापुर, 19 जुलाई (बु.)।** कलयुग में आजकल जहाँ लगातार रिश्ते तार-तार हो रहे हैं, वहीं चार सगे भाई कलयुग के श्रवण कुमार बनकर अपने माता-पिता को पलड़े में बैठाकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे हैं। मीरापुर क्षेत्र में पहुँचने पर नागरिकों ने चारों भाईयों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मेरठ जनपद के मवाना क्षेत्र के तीर्थ भद्रकाली के अकबरपुर प्रतापनगर निवासी वृद्ध राजपाल (68) व उनकी पत्नी कौशल (64) अपने जीवन के चौथे चरण में हैं। उनकी पिछले कई वर्षो से हरिद्वार जाकर गंगा नहाने तथा वहाँ से जल जाने की परम इच्छा थी, किन्तु शरीर साथ नहीं दे रहा था उनकी इस इच्छा की पूर्ति के संकल्प को पूरा कराने की दंपति के चार पुत्रों सचिन, सुनील, अनिल व राहुल ने शपथ ली तथा माता-पिता की इच्छा पूरी कराने का संकल्प लिया तथा इस कलयुग के दौर में जहाँ लगातार रिश्ते शर्मशार व तारतार हो रहे हैं, वहीं इन चारों भाईयों ने कलयुग में श्रवण कुमार का रूप धारण किया तथा माँ कौशल व पिता राजपाल को लेकर हरिद्वार पहुँचे और वहाँ से चारों भाई अपने एक मामा के पुत्र अजय के साथ अपने माता-पिता को गंगा स्नान कराकर उन्हें पलड़े में बैठाकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य को रवाना हुए। रविवार की शाम उक्त चारों श्रवण कुमार कुतुबपुर नहर पटरी मार्ग से गुजरे यहाँ पहुँचने पर इन्हें देखने के लिए भीड़ जमा हो गई तथा लोगों ने इनकी जमकर सराहना की तथा इन श्रवण कुमारों के ऊपर पुष्पवर्षा कर इनका स्वागत किया। कुछ देर रुकने के बाद चारों शिवभक्त अपनी मंजिल की ओर रवाना हो गए।



### कई वर्षों तक दादा-दादी को भी हरिद्वार से पलड़े में लेकर आए चारों भाई

**मीरापुर। मवाना क्षेत्र के भद्रकाली निवासी चारों शिवभक्त भाई सचिन, सुनील, अनिल व राहुल गत वर्ष तक अपने दादा प्रेम व दादी समुंदरी को हरिद्वार से पलड़े में बैठाकर गंगाजल लाते थे, किन्तु अब उनका देहांत होने पर इस वर्ष वह अपने माता-पिता को पलड़े में बैठाकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आये हैं।**

## सावधान : कांवड़ शिविरों के आसपास घूम रहे तालिब, रबिश और गुड्डू को पुलिस ने चोरी करते किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 19 जुलाई (बु.)।** संदिग्ध लोग किसी भी तरह से अपनी गतिविधियों से बाज आने को तैयार नहीं हैं। अभी चार दिन पूर्व एसएसपी ने पांच मुस्लिम युवकों को कांवड़ सेवा शिविर में चोरी करते हुए पकड़ा था। मगर ये कहां डरने वाले हैं। शनिवार का फिर से पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को पुलिस ने मीनाक्षी चौक के पास कांवड़ शिविर से पकड़ा। उक्त तीनों चोरी तो कर ही रहे थे, साथ ही साथ उक्त तीनों के विरूद्ध जनपद के अलग-अलग थानों में चोरी, अवैध चाकू, जानलेवा हमले तक के मामले दर्ज हैं। उक्त तीनों महानुभाव तालिब पुत्र महफूज निवासी सुजड़ू, रबिश पुत्र हसीब निवासी खालापार, गुड्डू पुत्र सलीम, निवासी जड़ौदा नरा थाना मंसूरपुर हैं। उक्त तीनों को उपनिरीक्षक प्रशांत गिरी, हैड कांटेबल कृष्णवीर, कांस्टेबल ब्रहमदेव, सुधीर व अंकित द्वारा पकड़ा गया है। ऐसे में अभी 23 तारीख तक ऐसे संदिग्ध लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। ऐसे असामाजिक तत्व कभी भी किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं।



## चंदन मिश्रा हत्याकांड: 5 आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, 19 जुलाई (वार्ता)** बिहार में पटना के एक अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या में शामिल पांच संदिग्ध हमलावरों को शनिवार तड़के कोलकाता के न्यू टाउन स्थित एक आलीशान आवासीय परिसर से गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पटना पुलिस और बिहार के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीमों ने पश्चिम बंगाल एसटीएफ के साथ मिलकर कल पुरुलिया और न्यू टाउन इलाके में गहन तलाशी अभियान चलाया। संदिग्धों को आज सुबह न्यू टाउन के आईटी हब, साल्ट लेक स्थित एक बड़े आवासीय परिसर, शुखोबृष्टि अबासन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार संदिग्धों से उनकी पहचान और आवासीय परिसर में आने के उद्देश्य का पता लगाने के लिए बंगाल एसटीएफ के एक केंद्र में गहन पूछताछ की जा रही है। आवासीय परिसर (शुखोबृष्टि अबासन) नौ जून, 2021 को पश्चिम बंगाल एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में पंजाब के गैंगस्टरों को मार गिराये जाने के दौरान हुयी मुठभेड़ के लिए भी जाना जाता है। इन गिरफ्तारियों के बाद परिसर के निवासियों ने सुरक्षा को लेकर आशंका और चिंता व्यक्त की है।

## दुष्कर्म में वांछित सहित 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**चरथावल, 19 जुलाई (बु.)।** एक गांव की महिला से घर में घुसकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपित को पुलिस ने सूचना पर देवबंद मार्ग से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के विरुद्ध अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं दधेडू चौकी प्रभारी द्वारा तमंचे व कारतूस सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पुलिस ने एक वारंटी को भी गिरफ्तार किया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि जनपद सहारनपुर थाना बड़गांव के गांव बेलड़ा निवासी अहसान के विरुद्ध थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में तीन दिन पूर्व मुकदमा पंजीकृत हुआ था। आरोपित इस वाद में तभी से वांछित चल रहा था। उन्हें सूचना मिली थी कि वांछित बड़गांव से देवबंद जाने वाले मार्ग पर कही जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी करते हुए आरोपित को वहां से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपित के विरुद्ध अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उधर, परिवार न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे वारंटी सादिक मुहल्ला मुर्दापट्टी चरथावल निवासी को कस्बा प्रभारी सुरेन्द्र सिंह ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इसके अलावा चैकिंग के दौरान खेड़ीदुधारी मार्ग पर स्थित मुखिया की ट्यूबवेल के निकट से दधेडू चौकी प्रभारी संजय तोमर ने तमंचे व कारतूस सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम चांद कश्यप पुत्र सतवीर निवासी ग्राम बुसाना थाना गुहाना सदर जनपद सोनीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर दो पक्षों में झगड़ा

**जानसठ, 19 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव भलवा में भाभी के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भेजा। शुक्रवार की शाम को थाना क्षेत्र के गांव भलवा निवासी वसीम पुत्र कालू खां ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि गांव के ही अफसर व राजा पुत्रगण कल्लू पिछले काफी दिनों से उसकी भाभी के साथ छेड़छाड़ करते चले आ रहे थे। उसने अपनी भाभी के साथ छेड़छाड़ करने का विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद अफसर और राजा तथा उनकी मां खुर्शीदा अपने घर से लेकर लाठी-डंडों से लैस होकर वसीम के घर पहुंच गये। वहां जाकर उन लोगों में मारपीट हो गई, जिसमें रोटी बनाने वाला तवा सिर में लगने से वसीम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वसीम को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि गांव भलवा में झगड़ा होने की सूचना मिली थी। वसीम की ओर से अफसर, राजा और खुर्शीदा के खिलाफ तहरीर आई थी। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## कमेटी के पैसे मांगने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

**जानसठ, 19 जुलाई (बु.)।** कस्बे के बुध बाजार में कमेटी के पैसे मांगने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भेजा। कस्बे के मौहल्ला बुध बाजार निवासी किशनपाल पुत्र समय सिंह ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि वह मौहल्ले में ही कमेटी के पैसे लेने के लिए पंकज उर्फ भोला पुत्र ज्ञानचंद के पास गया था। पंकज ने उसे उसके पैसे देने से इनकार कर दिया तथा वहां पर अपने भाई गौरव उर्फ छोटा को बुला लिया। अपने पैसे मांगने की बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। उसने तहरीर में बताया कि दोनों भाइयों ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए सरिया और ईंट से हमला कर दिया, जिसमें किशनपाल गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशनपाल को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि कस्बे के मौहल्ला बुध बाजार में झगड़ा होने की सूचना मिली थी। किशनपाल की ओर से पंकज उर्फ भोला व गौरव उर्फ छोटा पुत्रगण ज्ञानचंद के खिलाफ तहरीर आई थी। दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मथुरा में दो हादसों में पिता पुत्र समेत छह की मृत्यु, 30 घायल

**मथुरा 19 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार को एक सड़क हादसे में कार सवार पिता और उसके दो पुत्रों समेत छह लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। इसी थाना क्षेत्र में एक अन्य हादसे में बस पलटने से 28 यात्री घायल हो गये जिनमें दस की हालत गंभीर बनी हुयी है। बल्देव थाना प्रभारी रंजना सचान ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे नोएडा से आगरा माइल स्टोन 140 किलोमीटर पर आज सुबह एक इको गाड़ी को किसी अज्ञात वाहन में टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार आठ लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने आगरा के बाह क्षेत्र निवासी धर्मवीर,उनके पुत्र रोहित और आर्यन, दलवीर उर्फ छुल्ले, पारस सिंह तोमर और रोहित के दोस्त की मृत्यु हो गयी। हादसे में घायल धर्मवीर की पत्नी सोनी और पुत्री पायल की गंभीर हालत को देखते हुये आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।